दिन– सोमवार दिनांक– 25 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी। पेट्रोल दो रुपये इकसठ पैसे और डीजल दो रुपये इकहत्तर पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में दूध और मछली उत्पादन को बढ़ाने के लिए अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने का दिया निर्देश।

03. सीबीएसई ने कक्षा एक से लेकर माध्यमिक स्तर तक मैथिली भाषा को मातृभाषा विषय के रूप में मान्यता प्रदान की।

04. और, मौसम विभाग ने आज बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और गया जिले में लू चलने की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————

तेल विपणन कम्पनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की है। पेट्रोल दो रुपये इकसठ पैसे और डीजल दो रुपये इकहत्तर पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। पिछले दो सप्ताह में तेल के मूल्यों में चौथी बार वृद्धि हुई है। पटना में पेट्रोल एक सौ तेरह रुपये पैंतीस पैसे और डीजल निन्यानवे रुपये छत्तीस पैसे प्रतिलीटर हो गया है।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में छियासठ विशिष्ट लोगों को वर्ष, दो हजार छब्बीस के पद्म पुस्कार प्रदान करेंगी। समारोह में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृ ष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहेंगे। आज दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और अट्ठावन पद्मश्री अलंकरण दिए जायेंगे। आज जिन विभूतियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे, उनमें बिहार की तीन हस्तियां शामिल हैं। प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक और राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के पूर्व कुलपति डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, डोमकच नृत्य को मुख्यधारा में लाने वाले विश्वबंधु और भोजपुरी लोक गायक भरत सिंह भारती को कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री

दिया जायेगा। डॉ. त्रिवेदी और विश्वबंधु को मरणोपरांत पदम्श्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में दूध और मछली उत्पादन को बढ़ाने के लिए अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया है। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार स्टेट मिल्क कॉपरेटिव फेडरेशन–कॉम्फेड के माध्यम से दूध का उत्पादन चालीस लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर सवा करोड़ लीटर करने का निर्देश दिया। श्री चौधरी ने कॉम्फेड के माध्यम से राज्य के पशुपालकों को उन्नत नस्ल के पशु उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने पशुपालन में महिलाओं को प्राथमिकता देने को कहा। बैठक में मुख्यमंत्री ने मछली का उत्पादन नौ लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर पच्चीस लाख मीट्रिक टन प्रतिवर्ष करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेपाल और सीमावर्ती राज्यों के मछली बाजार में बिहार के मत्स्य पालकों की मछली की पहुंच सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

———————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत प्रदेश में इकतालीस लाख से अधिक परिवारों का पक्का मकान बनाया जा चुका है। इस पर पांच लाख सत्तावन हजार करोड़ रुपये की राशि खर्च हुई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने बताया कि योजना का पहला चरण पूरा हो चुका है और दूसरे चरण में भी अच्छी प्रगति है।

———————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाएं लेने वाले शिक्षकों को वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभाग जल्द ही नई नीति लागू करने जा रहा है। बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ की ओर से आयोजित अभिनंदन सह–सम्मान समारोह के दौरान श्री तिवारी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं का स्थाई समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

———————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई के पाठ्यक्रम में कक्षा एक से लेकर माध्यमिक स्तर तक मैथिली भाषा को मातृभाषा विषय के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने उन्हें इस संबंध में पत्र भेजा है। सांसद ने बताया कि सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस से पाठ्यक्रम में मैथिली को सम्मिलित कर लिया है। नया पाठ्यक्रम सीबीएसई की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। पत्र के अनुसार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, दो हजार बीस की अनुशंसा के आलोक में कक्षा एक से माध्यमिक कक्षा तक मातृभाषा मैथिली को शिक्षण का माध्यम बनाया जाएगा।

————————————————————

"एक भारत, श्रेष्ठ भारत" अभियान के तहत युवा संगम के छठे चरण में पंजाब से आए प्रतिनिधियों ने कल बोधगया का भ्रमण किया। इस दौरान युवाओं ने विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर समेत अन्य ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का भ्रमण किया।

————————————————————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने बकरीद को लेकर अट्ठाईस मई को होने वाली सीयूईटी–यूजी परीक्षा स्थगित कर दी है। एजेंसी ने कहा है कि परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा जल्द की जाएगी।

————————————————————

पांच दिन की वार्षिक हज यात्रा आज से शुरू हो रही है। भारत सहित पूरे विश्व से मुस्लिम समुदाय के दस लाख साठ हजार से अधिक लोग मक्का से हज यात्रा शुरू करेंगे और सउदी अरब के मिना में एकत्र होंगे। मिना में रात गुजारने के बाद जायरीन कल तड़के अराफात के मैदान की तरफ जायेंगे। इस वर्ष हज में भारत से लगभग एक लाख 75 हजार जायरीन भाग ले रहे हैं।

————————————————————

पूरबा और पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के मौसम के दो अलग–अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। दक्षिण बिहार जहां एक ओर भीषण गर्मी और लू की चपेट में है, तो वहीं, दूसरी ओर उत्तर बिहार में आंधी–बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत

मिली है। मौसम विभाग ने आज दक्षिण बिहार के छह जिलों बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और गया में गर्म दिन और लू चलने की चेतावनी जारी की है।

——सांउड बाइट——

विभाग ने उत्तर बिहार के किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, सीवान और सारण जिले के कुछ हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। बक्सर का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव नौ, कैमूर का तैंतालीस दशमलव सात, औरंगाबाद का तैंतालीस दशमलव एक, तथा गया और शेखपुरा का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, कटिहार के प्राणपुर में सबसे अधिक पचहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

————————————————————————

भीषण गर्मी को देखते हुए सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा आठ तक के वर्ग संचालन पर इकतीस मई तक, जबकि भोजपुर जिला प्रशासन ने सत्ताईस मई तक रोक लगा दी है।

————————————————————————

प्रदेश में पिछले दो सप्ताह से जारी भीषण गर्मी और लू को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों में रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया है। लू से प्रभावित मरीजों को यह टीम तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाएगी और इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगी। कोई भी हीट वेव से पीड़ित मरीज हेल्पलाइन नंबर– **एक शून्य चार** पर स्वास्थ्य सुविधा के लिए मदद ले सकते हैं।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के बारह वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रदेश भाजपा की ओर से राज्यव्यापी अभियान चलाया जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि पांच जून से इस अभियान की शुरूआत होगी। इक्कीस जून तक चलने वाले अभियान के तहत संवाद कार्यक्रम, जनसंपर्क अभियान, पौधा रोपण अभियान, प्रगति यात्रा और विकसित भारत संकल्प सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

———————————————————————

राज्य का साइबर हेल्पलाइन कॉल सेंटर— एक नौ तीन शून्य जल्द ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस—एआई आधारित होगा। इससे कॉल सेंटर पर साइबर अपराध और ठगी से जुड़ीं शिकायतें वर्तमान के मुकाबले काफी कम समय में दर्ज हो सकेंगी। आईजी साइबर अपराध रंजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि नई व्यवस्था में कार्रवाई में लगने वाला समय घटेगा और पीड़ितों को 'गोल्डन आवर' का फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि एआई से सूचना की सटीकता बढ़ेगी और कार्रवाई में तेजी आयेगी।

———————————————————————

पटना जिले के पचमहला थाना क्षेत्र के नौरंगा—जलालपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुयी गोलीबारी के बाद कुख्यात सोनू—मोनू के घर छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम की घरवालों की ओर से तलाशी लेने के मामले में दो थानाध्यक्षों को निलंबित कर दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि छापेमारी के दौरान कार्यशैली सही नहीं पाये जाने के कारण पचमहला और हाथीदह थानाध्यक्षों को निलंबित किया गया है। इधर, भोजपुर के पुलिस अधीक्षक राज ने खवासपुर थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इन सभी पर एक मामले में हिरासत में लिए युवकों को छोड़ने के लिए पचास हजार रुपये घूस मांगने का आरोप है। वहीं, कटिहार के पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में सोलह पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है।

———————————————————————

सुपौल जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया उपशाखा नहर के पास शराब तस्करी की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इसमें एक महिला होमगार्ड और पीटीसी जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावरों ने पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया और महिला होमगार्ड की राईफल भी छीन ली। इस मामले में नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

———————————————————————————

अररिया जिले के कुआरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक सौ पंद्रह किलो गांजा बरामद किया है।

———————————————————————————

बेगूसराय पुलिस ने एक मामले में बीस वर्षों से फरार चल रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

कैमूर जिले के बबुरा गांव से पुलिस ने पशु तस्करों से एक दर्जन पशुओं को मुक्त कराया है। इस मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

———————————————————————————

बक्सर जिले के राजपुर थाना के त्रिकालपुर गांव में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है – सरकार उद्यमियों को सुरक्षा और भरोसा देगी।

दैनिक जागरण लिखता है – पशुपालकों को कॉम्फेड के माध्यम से दी जाएगी, उन्नत नस्ल की गाय, भैंस और बकरी।

प्रभात खबर की सुर्खी है – पाकिस्तान में सैन्यकर्मियों की ट्रेन पर आत्मघाती हमला, चौबीस की मौत।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – अड़तालीस घंटे तक जारी रहेगा भीषण गर्मी का सितम, फिर बदलेगा मौसम।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं – बिहार की तीन हस्तियों को आज मिलेगा पद्मश्री अवार्ड।

आज अखबार की सुर्खी है – डेढ़ लाख बेटियों को मिलेंगे पचास–पचास हजार रुपये।

—————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी। पेट्रोल दो रुपये इकसठ पैसे और डीजल दो रुपये इकहत्तर पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में दूध और मछली उत्पादन को बढ़ाने के लिए अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने का दिया निर्देश।

03. सीबीएसई ने कक्षा एक से लेकर माध्यमिक स्तर तक मैथिली भाषा को मातृभाषा विषय के रूप में मान्यता प्रदान की।

04. और, मौसम विभाग ने आज बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और गया जिले में लू चलने की चेतावनी जारी की।

—————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।